सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 227 | इंदौर, सोमवार 03 मार्च, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर के जिस तालाब को मिला रामसर साइट का दर्जा, उसमें उग आई जलकुंभी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के सिरपुर तालाब को रामसर साइट का दर्जा मिला है। यहां विदेशी परिंदे ठंड के दिनों में आते है और प्राकृतिक रुप से भी यह समृद्ध है। जिसके चलते इसे रामसर साइट घोषित किया गया। पूरे विश्व में 64 लोकेशन ही इसमें शामिल है, लेकिन रखरखाव की अनदेखी के चलते तालाब में जलकुंभी उग आई है। छोटे तालाब के आधे हिस्से में यहीं हाल है। इसके अलावा आसपास की बस्तियों को प्रदूषित जल भी तालाब में मिल रहा है।

होलकर काल में बने सिरपुर तालाब को सहेजने की बात हमेशा नगर निगम करता आ रहा है। इस तालाब के पिछले हिस्से में काफी अतिक्रमण हो चुका है और किनारे पर ही निर्माण होने लगे है। दो माह पहले नगर निगम ने तालाब के पिछले हिस्से 20 से ज्यादा अवैध निर्माण हटाए। दरअसल तालाब के चारों तरफ बाउंड्रीवाल नहीं है। इसके अलावा तालाब में मछलियों का अवैध शिकार भी करने के लिए लोग आ जाते है।

### वैज्ञानियों की सहमति के बाद मिला दर्जा

सिरपुर तालाब को रामसर साइट का दर्जा वैज्ञानिकों की सहमति के बाद मिला। एक टीम तालाब का सर्वे करने आई थी। तालाब के ईको सिस्टम, तालाब में पाई जाने वाली मछलियों की प्रजाति, तालाब के आसपास पाए जाने वाले परिंदों की प्रजाति, तालाब की बायोडायवर्सिटी, झील का पर्यावरण में योगदान सहित अन्य मापदंड़ों को वैज्ञानिकों ने परखा और फिर तालाब को रामसार साइट घोषित किया गया था, तालाब में जलकुंभी उगने के कारण तालाब में गंदगी भी ज्यादा फैल रही है।बस्ती का कचरा उड़कर तालाब में आ जाता है। दो साल पहले तालाब की मछलियां भी हजारों की संख्या में मर गई थी।

किसानों ने सीएम का माना आभार, सीएम बोले-

## किसानों को पांच रुपए मिलेगा बिजली का स्थाई कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश के किसानों के हक में लिए गए फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया गया। रविवार दोपहर को सीएम हाउस में समत्व भवन में किसान आभार सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचें किसानों ने सरकार की विभिन्न किसान हितैषी नीतियों, निर्णयों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। वहीं सीएम डॉ मोहन यादव ने घोषणा की कि अब 5 रुपए में किसानों को बिजली का स्थाई कनेक्शन मिलेगा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को इसके लिए व्यवस्था करने और तत्काल लागू करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सीएम ने कहा कि तीन साल में 30 लाख सोलर पंप किसानों को देंगे और किसानों से सरकार बिजली खरीदेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर साल 10 लाख किसानों को सोलर पंप दिए जाएं। उन्होंने कहा कि तीन साल में सभी तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 घंटे किसानों को बिजली मुहैया रहेगी। उन्होंने कहा कि 'किसान अन्नदाता और जीवनदाता हैं। किसान की हर समस्या का हल है।




इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि 'पूरा विश्व श्रद्धा से पीएम मोदी की ओर देख रहा है। डॉ. मोहन यादव ने अपने बयान में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार पर आरोप लगाया कि जब उन्होंने गांवों के विकास को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार में यह बेशर्मी से कहा जाता था कि गांवों में सड़कों की क्या जरूरत है। इन्होंने कभी गांव नहीं देखा, जबकि भारत को समझने के लिए गांव देखना जरूरी है।

सीएम यादव ने इस बात पर जोर दिया कि किसानों की समृद्धि से ही देश का विकास संभव है। 'किसान, गरीब, युवा, महिला- ये चार जातियां हैं जिनके बारे में पीएम मोदी हमेशा बात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के समय किसानों को जो अधिकार मिलने चाहिए थे, वह 55 साल बाद भाजपा सरकार में किसानों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार आई, तब गांवों में सड़कों, बिजली और पानी की व्यवस्था की गई। कांग्रेस के शासन में यह सब नहीं था। दिग्विजय सिंह ने विधानसभा में कहा था कि शिप्रा में नर्मदा का जल आ ही नहीं सकता। कांग्रेस के लोग कहते थे कि नदी जोड़ने का प्रयास असंभव है और इससे प्रकृति बिगड़ जाएगी। लेकिन हमने यह किया और कोर्ट में केस भी जीते। केन-बेतवा लिंक से अब तस्वीर बदल रही है। सीएम यादव ने चंबल क्षेत्र की स्थिति का भी जिक्र किया और कहा कि पहले वहां बंदूकें उठाई जाती थीं, लेकिन अब स्थिति में बदलाव आ रहा है। प्रदेश का कोई खेत खाली नहीं रहेगा, हर जगह पानी पहुंचाया जाएगा। हम एक और नदी जोड़ो अभियान जल्द शुरू करेंगे।'

सीएम ने कहा कि प्रदेश में जल्दी तीसरा नदी जोड़ो प्रोजेक्ट आकार लेगा। मौजूदा दो प्रोजेक्ट ने किसानों की जिंदगी बदलने की हालात बना दिए हैं। उन्होंने कहा कि 2003 तक प्रदेश में गेहूं खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 था, जिसे बढ़ाकर हमने 2600 रुपए तक पहुंचाया है। धान उपार्जन करने वाले किसानों को भी इसी सत्र से उनकी फसल का दाम 4000 क्विंटल मिलने लगेगा। GIS के माध्यम से कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। दूध पर बोनस देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने की मंशा सरकार की है। प्रदेश की सभी निकायों में गौशाला बनाई जाएंगी। इसके लिए दिए जाने वाले खर्च को भी दुगुना किया जा रहा है। उन्नत कृषि के लिए अच्छे बीच लाए जाएंगे।

इंदौर में 20000000 की ड्रग्स का मामला

## पैडलर ने उगला सिपाही का नाम, डीसीपी ने पहले उतरवाई वर्दी फिर किया अरेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नशे के अवैध कारोबार में सिपाही की संलिप्तता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आजाद नगर थाने के सिपाही लखन गुप्ता को ड्रग माफिया से संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसे ड्रग पैडलर शाहरुख उर्फ पेट्रोल की निशानदेही पर पकड़ा। सिपाही पर आजाद नगर क्षेत्र को नशे का गढ़ बनाने का आरोप है।**

### दो करोड़ की एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ाया था पैडलर

आईपीएस करणदीप सिंह की टीम ने 26 फरवरी को कस्तूरबा ग्राम रोड पर चेकिंग के दौरान शाहरुख निवासी आजाद नगर और विजय पाटीदार निवासी मंदसौर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के पास से दो करोड़ रुपये मूल्य की एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। पूछताछ में शाहरुख ने कबूला कि वह मंदसौर से सस्ती ड्रग्स खरीदकर आजाद नगर में सप्लाई करता था और उसे सिपाही लखन गुप्ता का संरक्षण प्राप्त था।

### तकनीकी सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और आरोपियों के बयान के आधार पर शनिवार देर रात लखन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी करणदीप सिंह के अनुसार, लखन इलाके के ड्रग पैडलरों से पैसा वसूलता था। अब उससे गहन पूछताछ जारी है और अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, लखन गुप्ता इलाके के कई ड्रग पैडलरों जैसे मुन्नी बाई, कानी बाई और अमन बसुनिया से जुड़ा था। वह दबिश से पहले उन्हें खुफिया नंबर से अलर्ट कर देता था और उनके खिलाफ जारी वारंट तामील नहीं करवाता था। लखन को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### वारंट के बहाने बुलाकर हुई गिरफ्तारी

सबूतों के आधार पर डीसीपी ने पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह से सिपाही लखन की गिरफ्तारी की अनुमति ले ली। शनिवार रात आजाद नगर थाने में कांबिंग गश्त के दौरान थाना ने लखन को वारंट के बहाने बुलाकर दबोच लिया। गिरफ्तारी से पहले उसकी वर्दी उतरवा ली गई।

# बैकलाइन में चलाई साइकिल, खेला बैडमिंटन-कैरम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। वार्ड 43 के श्रीनगर एक्सटेंशन कॉलोनी की आदर्श बैकलाइन में गेम्स एक्टिविटी आयोजित की गई। रविवार सुबह नगर निगम के आला अधिकारियों, महापौर और अन्य कर्मचारियों ने यहां पहुंचकर विभिन्न खेलों का आनंद लिया। इस दौरान क्षेत्र के रहवासी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।**



रविवार सुबह श्रीनगर एक्सटेंशन की आदर्श बैकलाइन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित नगर निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों के आगमन पर रहवासियों ने तिलक लगाकर और बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। क्षेत्र में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने नगर निगम आयुक्त को तिलक लगाकर स्वागत किया, जबकि एक अन्य बुजुर्ग ने उन्हें बुके भेंट किया। आयुक्त ने सम्मान स्वरूप बुके उसी बुजुर्ग महिला को भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस पर महिला ने कहा, आप इसी तरह हमारी सेवा करते रहें। हमारी कॉलोनी और इंदौर सुंदर बना रहे। आयुक्त ने जवाब दिया कि नगर निगम की टीम पूरी मेहनत से काम कर रही है, आप सभी का आशीर्वाद बना रहे। इसके बाद अन्य अधिकारियों का भी स्वागत किया गया। इस दौरान रहवासियों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को नगर निगम आयुक्त के समक्ष रखा। स्वागत के बाद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने रहवासियों के साथ आदर्श बैकलाइन में विभिन्न खेलों का आनंद लिया। आयुक्त, महापौर, एमआईसी मेंबर और अन्य अधिकारियों ने बैकलाइन में साइकिल चलाई। इसके अलावा, कैरम और बैडमिंटन के मैच भी खेले गए। सभी ने इन खेल गतिविधियों का पूरा आनंद लिया। खेल गतिविधियों के बाद सभी ने नाश्ता किया और फिर अधिकारियों ने रहवासियों के साथ स्वच्छता को लेकर संवाद किया।

# युवाओं को फिटनेस के लिए प्रेरित करने इंदौर पहुंचे द ग्रेट खली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मशहूर रेसलर द ग्रेट खली ने इंदौर में अपने प्रशंसकों से मुलाकात की और उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने रेसलिंग और फिटनेस से जुड़ी अहम बातें साझा कीं। खली नंदलालपुरा स्थित रांका टेंट सप्लायर्स पहुंचे, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में प्रशंसक उनका इंतजार कर रहे थे। खली का भव्य स्वागत पारस रांका, मयूर रांका और अभिषेक रांका ने किया।



## फिटनेस पर दिया जोर

खली ने युवाओं से बातचीत के दौरान नियमित एक्सरसाइज और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, फिट रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि बिना अच्छे स्वास्थ्य के सफलता प्राप्त करना मुश्किल है, चाहे आप किसी भी क्षेत्र में काम कर रहे हों।' उन्होंने आगे कहा कि हर घर में कम से कम एक व्यक्ति को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए, ताकि पूरे परिवार का स्वास्थ्य संतुलित बना रहे।

## रेसलिंग को भी मिले बढ़ावा

खली ने भारत में खेलों की स्थिति पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा,' जिस तरह क्रिकेट को प्रमोट किया जाता है, उसी तरह रेसलिंग और अन्य खेलों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। टीवी चालू करते ही क्रिकेट दिखने लगता है, लेकिन रेसलिंग और अन्य खेलों को भी ऐसा ही माहौल मिलना चाहिए। खली की इस अपील से खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला। उनके फिटनेस मंत्र और खेलों के प्रति उनकी सोच ने युवाओं को प्रेरित किया।

# 6000 महिलाओं ने मां नर्मदा को चढ़ाई 1000 मीटर लंबी चुनरी

" 101 बसों से हजारों मातृशक्ति ओंकारेश्वर ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए हुई रवाना "




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **संस्था संगम द्वारा फागुन मास के पावन अवसर पर, सावेर रोड क्षेत्र से 101 बसों में हजारों मातृशक्ति ओंकारेश्वर ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए रवाना हुईं।**

यात्रा संरक्षक विधायक रमेश मेंदोला यात्रा संयोजक पार्षद संध्या राधा किशन जायसवाल व मासूम जायसवाल ने बताया कि 101 बसों से करीब 6000 मातृशक्तियों, श्रद्धालुओं के साथ यात्रा रवाना हुई। यह एक ऐतिहासिक और धार्मिक यात्रा है, जिसमें मातृशक्तियो ने ओंकारेश्वर ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और ओंकार पर्वत की परिक्रमा की। इस यात्रा के दौरान, मातृशक्ति ने नर्मदा नदी में स्नान किया और 1000 मीटर की चुनरी चढ़ाई। इसके अलावा, उन्होंने आटे से बने दीपक का दीपदान भी किया और ओंकारेश्वर ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग की पूजा की। पार्षद व झोन अध्यक्ष संध्या राधा किशन जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा मातृशक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे ओंकारेश्वर ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर और अपनी भक्ति को बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मातृशक्ति को सशक्त बनाने और उनकी भक्ति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मासूम जायसवाल ने बताया कि विगत छह वर्षों से यात्रा निरंतर निकल रही हैं रास्ते भर बसों में श्रद्धालु फागुन के गीतों व भजन गाते हुए गए। इस अवसर पर दीपक जैन प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भाजपा, पार्षद संध्या राधा किशन जायसवाल, मासूम जायसवाल, राजकुमार शर्मा, कल्लू बीजवा, सतीश यादव,चंदन पाल,राजू मेहरा, सतीश श्रीवास्तव, रोहित बिंजवा सहित गणमान्य मौजूद थे।

# लालवानी बोले- शादी से पहले कुंडली मिलान की तरह ब्लड ग्रुप मिलान भी जरूरी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **कम्युनिटी हेल्थ एंड वेलफेयर के तहत, भारत सरकार के एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित एनीमिया जागरूकता रथ सप्ताह का समापन 'होम्योपैथी महाकुंभ-2025' की 11वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ हुआ।** इस **सम्मेलन में देशभर से आए डॉक्टर्स ने होम्योपैथी के माध्यम से उपचार, अपनी प्रैक्टिस और रिसर्च से जुड़े अनुभव साझा किए।**

कॉन्फ्रेंस में शामिल विशेषज्ञों ने वर्तमान चिकित्सा क्षेत्र में टेक्नोलॉजी के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, एसजीएसआईटीएस कॉलेज में शुरू किए गए बायोटेक्नोलॉजी कोर्स में होम्योपैथी चिकित्सा को शामिल करने की पहल करने का निर्णय लिया गया। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने कहा कि, रिसर्च के माध्यम से कई गंभीर बीमारियों का उपचार होम्योपैथी द्वारा संभव हो रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि, भारत सरकार सिकल सेल बीमारी को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिसमें समाज की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शादी के लिए हम कुंडली मिलान करते हैं लेकिन वर्तमान में हमें शादी से पहले ब्लड ग्रुप के मिलान की जरूरत है। इस विषय को संसद में उठाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि जीएसआईटीएस कॉलेज के डायरेक्टर नितेश पुरोहित ने कहा कि, आधुनिक चिकित्सा को टेक्नोलॉजी से जोड़ने की जरूरत है, जिससे मरीजों को अधिक प्रभावी और उन्नत उपचार मिल सके। उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी कोर्स में होम्योपैथी विषय को जोड़ने की पहल पर जोर दिया। कॉन्फ्रेंस का संचालन डॉ. एके द्विवेदी (वैज्ञानिक सलाहकार, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) ने किया। उन्होंने हेमेटोहाइड्रोसिस (खून-पसीना) पर शोध और होम्योपैथिक उपचार के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, होम्योपैथिक दवाओं से उपचारित मामलों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया।

# अभी तक स्वच्छता रैकिंग के लिए सर्वे टीम नहीं आई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सात बार से स्वच्छता में सरताज इंदौर में अभी तक स्वच्छता रैकिंग के लिए सर्वे टीम नहीं आई है। दूसरे कुछ शहरों में टीम के आने की सुगबुगाहट है और लोगों के फीडबैक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है,लेकिन इंदौर में अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। इस बार चार हजार से ज्यादा शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग ले रहे है।**

15 मार्च तक दिल्ली से सर्वेक्षण के लिए टीम इंदौर आ जाएगी। इसके चलते फिर से नगर निगम ने बेकलेन, नालों की गाद हटाने और निर्माण स्थलों से धूल हटाने का काम शुरू कर दिया है। पिछले साल स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम जनवरी माह में ही आ गए थे, लेकिन इस बार अब तक स्वच्छता सर्वेक्षण ही नहीं हो पाया है। अब स्वच्छता के तय मापदंड पहले से कड़े है,क्योंकि इंदौर, सूरत और मुबंई को स्वच्छता प्रीमियर लीग में रखा है। अन्य शहरों की स्वच्छता का आंकलन आसान होगा, लेकिन इन तीन शहरों में सामान्य सफाई के अलावा वायु, जल, श्रीआरआर सहित अन्य पैमानों पर शहरों को परखा जाएगा। इंदौर का कड़ा मुकाबला सूरत से है,क्योंकि पिछली बार इंदौर के साथ सूरत को भी संयुक्त रुप से प्रथम पुरस्कार मिला था। शहर की बेकलेन में सबसे ज्यादा कचरा बिखरा रहता है। लोग डोर टू डोर वाहनों में कचरा देने के बजाए कई बार बेकलेन में कचरा फेंक देते है। इसे लेकर नगर निगम लोगों को जागरुक कर रहा है। रहवासी संघों के साथ मिलकर अफसर बेकलेन साफ कर रहे है और फिर उसके रखरखाव का जिम्मा रहवासियों को दे रहे है। श्रीनगर एक्टेंशन की बेकलेन को नगर निगम ने साफ करने के बाद उसे सुंदर भी बनाया।

## एनजीओ प्रतिनिधियों ने गांधी हाल में फाग महोत्सव मनाया

### राधा-कृष्ण ने भी खूब रास रचाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** फाग महोत्सव का आयोजन एनजीओ प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। गांधी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में इंदौर और आसपास के जिलों से 1000 से अधिक एनजीओ प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक भोपूजी ने फाग भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने 2200 से अधिक उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।अर्चना जी व उनकी टीम की अन्य सखियों इस दौरान मौजूद रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी और राहुल जैन मौजूद रहे। लालवानी ने सभी एनजीओ को एनजीओ दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में समाजसेवी संस्थाएं निस्वार्थ भाव से जन-जन की सेवा कर रही हैं। सांसद लालवानी ने महासंघ की सराहना करते हुए कहा कि अगर मध्य प्रदेश के 3000 से अधिक एनजीओ इतना अद्भुत कार्य कर सकते हैं, तो पूरे भारत के एनजीओ को संगठित कर समाज सेवा में नई मिसाल कायम की जा सकती है। कार्यक्रम में महासंघ के शशि सातपुते ने वहां आने वाले सभी एनजीओ एवं अन्य साथियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद दिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आभार इंदौर भाजपा के व्यापारिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राहुल जैन द्वारा किया गया। राहुल जैन इस एनजीओ सेवा सप्ताह के हर कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं और उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। सभी एनजीओ से मुलाकात कर उन्हें भविष्य में की जाने वाली मदद के लिए आश्वासन भी दे रहे हैं।

## लेखिका मुन्नी गर्ग की पहली किताब का विमोचन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर लेखिका संघ ने साहित्यकार मुन्नी गर्ग की पहली पुस्तक 'मां की सौगात' का विमोचन किया। अभिनव कला समाज सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कहानीकार मनीष वैद्य थे। डॉ. मीनाक्षी स्वामी, डॉ. विनीता तिवारी और ऋषिता नातू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।**

लेखिका मुन्नी गर्ग ने पुस्तक के बारे में बताया कि इसमें उनके 50 वर्ष से अधिक के अनुभवों को समेटा गया है। पुस्तक में छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से एक मां के चरित्र का वर्णन किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक मां त्याग करते हुए अपने परिवार को संभालती है। कार्यक्रम में लेखिका संघ की सदस्याओं के अलावा श्वेतकेतु वैदिक, विष्णु बिंदल समेत कई साहित्यकार और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यायिक जागरूकता के लिए मैराथन में वकील प्रशासनिक अधिकारी और छात्र हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यस्थता एवं लोक अदालत के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार, 2 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर परिसर से जागरूकता मैराथन एवं रैली का आयोजन किया गया। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विवेक रूसिया ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत की। मैराथन में हाई कोर्ट के अन्य न्यायाधीश, वकील, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी, दिव्यांगजन और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

मैराथन सुबह 7:30 बजे न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर लैंटर्न चौराहा, जंजीरवाला चौराहा, इंडस्ट्री हाउस, गीता भवन, मधुमिलन चौराहा और रीगल चौराहा होते हुए पुनः उच्च न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव अनूप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस



मैराथन में उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय के न्यायाधीशों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, अधिवक्ताओं, सामुदायिक मध्यस्थों, पैनल अधिवक्ताओं, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, फोर्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं और लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेंद्र सिंह रघुवंशी और रोशन राय सहित अन्य एसडीएम व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इस आयोजन का उद्देश्य मध्यस्थता और लोक अदालत की प्रक्रिया को आम जनता तक पहुंचाना और विवादों के वैकल्पिक समाधान को बढ़ावा देना रहा।

# मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने का जश्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मराठी भाषा के गौरवशाली इतिहास और समृद्धि को दर्शाते कार्यक्रम 'मधुरव-बोरू ते ब्लॉग' की प्रस्तुति रविवार को दी गई। सानंद न्यास के फुलोरा उपक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मराठी भाषा की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को संगीत नाट्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के



ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में आशिष गाडे और आकांक्षा गाडे ने भी अपनी प्रस्तुति दी। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. वैशाली वाईकर और मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम सानंद न्यास और मराठी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल का संयुक्त आयोजन था। प्रसिद्ध अभिनेत्री मधुरा वेलणकर साटम ने कार्यक्रम का निर्देशन और अभिनय किया। उन्होंने मराठी भाषा की विविधता को साहित्य, कीर्तन, कथा, कविता, संतों के वचन, भावगीत और भजनों के जरिए प्रस्तुत किया। मधुरा को चार राज्य पुरस्कार, जी अवार्ड्स और वी. शांताराम अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है।विश्व की 15 हजार से अधिक भाषाओं में मराठी का स्थान 10वां है। भारत में यह तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। पिछले अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है।

### प्रदेश में दुग्ध उत्पादन 9% से 20% तक ले जाने के लिए प्रयास जारी

# प्रकृति से प्रेम, संस्कृति का सम्मान और मित्रता का महत्व प्रतिपादित करते है भगवान श्रीकृष्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति से प्रेम और ग्राम संस्कृति को सम्मान देने की शिक्षा दी है। राज दरबार में सोने-चांदी और मोती माणिक्य के बीच मोर पंख को अपने शीश पर धारण कर सम्मान प्रदान करना प्रकृति से प्रेम का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण का यह भाव बताता है कि मनुष्य मात्र से प्रेम ही प्रभु प्राप्ति का सच्चा मार्ग है। भगवान श्रीकृष्ण का सुदामा को सम्मान देना, जीवन में मित्रता के महत्व और मित्र के सम्मान के लिए प्रतिबद्धता को प्रतिपादित करता है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के प्रसंगों से हमें कई व्यावहारिक शिक्षाएं प्राप्त होती हैं।**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोलार रोड क्षेत्र में मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास इस्कॉन द्वारा बनाए जा रहे श्री श्री राधा गोविंद मंदिर के भूमि पूजन के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।इस अवसर पर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, इस्कॉन के मध्यप्रदेश प्रमुख गुरु प्रसाद स्वामी महाराज तथा सचिव महामन प्रभु उपस्थित थे।कार्यक्रम में बताया गया कि यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र में इस्कॉन मंदिर स्थापना की पहल की सराहना करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण, लोगों पर सुख-आनंद, वैभव और उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोलार रोड से इस्कॉन मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग का नाम प्रभुपाद मार्ग रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत की सभी दिशाओं में प्रभु श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण की उपस्थिति की सहज ही अनुभूति होती है। विश्व में भी वर्षों से भारत, भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की धरती के रूप में जाना जाता है, मंदिर निर्माण भगवद्भाव के साकार रूप लेने का माध्यम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा ऐसी कामना है कि भूमि-पूजन के बाद मंदिर में भगवान श्री कृष्ण के प्रकटीकरण और मंदिर के लोकार्पण का अवसर शीघ्र ही आएगा, । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सात्विक जीवन प्रणाली के प्रसार में प्रभु पाद के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन विचारों के अनुरूप ही राज्य सरकार, मद्यनिषेध की दिशा में कार्य कर रही है, इसीलिए प्रदेश के 17 स्थानों में शराबबंदी की व्यवस्था लागू की गई है। प्रदेश में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ सहयोग से दुग्ध उत्पादन 9% से 20% तक ले जाने की कार्य योजना का क्रियान्वयन जारी है। यह प्रयास हमारी मूल संस्कृति की ओर लौटने के लिए किया जा रहा है। इससे खेती और पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और दूध की पौष्टिकता से लोगों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में सहयोग मिलेगा।

# फंदे पर लटका मिला डॉक्टर का शव, बेटी की लाश बेड पर मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल में डॉक्टर का शव फंदे पर लटका मिला। दूसरे कमरे में बेटी की बॉडी बेड पर मिली है। पुलिस का अनुमान है कि बेटी को जहर देकर मारने के बाद पिता ने सुसाइड किया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।**

घटना गोविंदपुरा के शक्ति नगर की है। पुलिस को घटनास्थल से बुजुर्ग डॉक्टर का मोबाइल मिला है। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है- बेटी की मानसिक हालत ठीक नहीं है। मैं खुद कई बीमारियों का शिकार हूं। मुझे भी सेवा की जरूरत है। लेकिन बेटी की देख-रेख भी मुझे ही करनी होती है। अब यह सब सहा नहीं जाता। थक गया हूं...इसी कारण मर्जी से जान दे रहा हूं। टीआई अवधेश सिंह तोमर ने बताया, 82 साल के हरिकिशन शर्मा शक्ति नगर में रहते थे। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है। 36 साल की बेटी चित्रा शर्मा उन्हीं के साथ रहती थी। बेटी होम्योपैथिक डॉक्टर है। मां की मौत के बाद करीब चार साल से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। रविवार सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली कि बेटी और पिता ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंचे तो पिता का शव रस्सी से बने फंदे पर उनके कमरे में लटका मिला। बेटी का शव बेडरूम में बिस्तर पर था।



चित्रा शर्मा, मृतक | हरिकिशन शर्मा, मृतक

# कोर्ट से सास-ससुर व पति फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर में दहेज प्रताड़ना और छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय पहुंचे सास-ससुर और पति की जैसे ही जमानत खारिज हुई और जेल वारंट जारी किया गया, वे कोर्ट से भाग निकले। यह घटना 25 फरवरी को जिला एवं सत्र न्यायालय में हुई, लेकिन इस मामले में पुलिस ने रविवार को एफआईआर दर्ज की। घटना की जानकारी मिलते ही न्यायालय में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू कर दी, लेकिन अब तक वे हाथ नहीं आए हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय की शिकायत पर विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जिला न्यायालय में पदस्थ कर्मचारी कमल प्रकाश मानपुरिया ने विश्वविद्यालय थाने में शिकायत दर्ज कराई कि हजीरा थाना क्षेत्र में दर्ज छेड़छाड़ और दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी नरेंद्र पुत्र सुरेश भदौरिया, सुरेश पुत्र रामरतन भदौरिया और कमलेश पत्नी सुरेश सिंह भदौरिया को कोर्ट में पेश किया गया था।

# प्रदेश के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू

### सम्पत्ति लेन-देने की प्रक्रिया बनेगी सरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के 9 जिलों के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू किया है। इसे केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने 'डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड्स और मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम' के तहत शुरू किया है। नक्शा कार्यक्रम (नेशनल जियो स्पिेटियल नॉलेज बेस्ड लैण्ड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन) सम्पत्ति लेन-देन और ऋण प्राप्ति को सरल बनायेगा।

यह कार्यक्रम प्रापर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार और वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करेगा। प्रदेश में यह कार्यक्रम 9 जिलों के 10 नगरों में लागू किया जा रहा है। इनमें शाहगंज, छनेरा, अलीराजपुर, देपालपुर, धार कोठी, मेघनगर, माखन नगर (बाबई), विदिशा, साँची और उन्हेल शामिल हैं। नक्शा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित नगरों में जियो स्पिेटियल मेपिंग करना और भूमि सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करना शामिल है।



#### ई-नगरपालिका 2.0

प्रदेश में ई-नगरपालिका के माध्यम से सभी नागरिक सेवाएँ ऑनलाइन प्रदाय की जा रही हैं। योजना के दूसरे चरण में पोर्टल के अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल की जा रही हैं। इसी के साथ इनका डाटा प्रबंधन क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और ऑर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगरपालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है।

#### स्व-चालित भवन योजना

प्रदेश के नगरीय निकायों में स्व-चालित भवन योजना अनुमोदन प्रणाली (एबीपीएएस 3.0) के माध्यम से पूर्व में आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा रहा है। उन्नत परियोजना एबीपीएएस 3.0 में जीआईएस टेक्नोलॉजी, ओपन सोर्स प्लेटफार्म और कॉलोनी विकास अनुज्ञा से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं से जुड़ी आधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है।

# दुल्हन किडनैप, दूल्हे से मारपीट

**गुना, एजेंसी**। गुना में रविवार को दिनदहाड़े एक दुल्हन का अपहरण हो गया। इस दौरान दूल्हे से मारपीट भी की। दूल्हा, दुल्हन को लेकर अशोकनगर से राजस्थान के सवाई माधोपुर जा रहा था। इसी दौरान रूठियाई के पास उनकी गाड़ी रुकवाकर कुछ लोगों ने दुल्हन को अगवा कर लिया। मामले में पुलिस ने पांच किडनैपर्स को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के सवाई माधोपुर के रहने वाले विक्रम नायक की शादी शनिवार को अशोकनगर के रातीखेड़ा गांव की युवती से हुई थी। शनिवार को राजस्थान से बारात आई थी। शनिवार रात शादी की रस्में हुईं। रविवार सुबह विक्रम अपनी दुल्हन को विदा कराकर अशोकनगर से राजस्थान के लिए कार से निकला था। जानकारी के मुताबिक कार में ड्राइवर, दूल्हा-दुल्हन, दुल्हन की दादी और मौसी बैठे हुए थे। एक रस्म के चलते दुल्हन के परिवार से इन दोनों को गाड़ी में बैठाया गया था। दूल्हे विक्रम नायक ने बताया कि रविवार सुबह 9:30 बजे वह अशोकनगर से दुल्हन को लेकर निकला था। अपहरणकर्ताओं ने अशोकनगर से ही कार कार पीछा करना शुरू कर दिया था।

# प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने आए युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी**। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने आए एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज गर्मी के कारण उसे चक्कर आ गए और वह नीचे गिर पड़ा। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ये घटना रविवार की है। मृतक का नाम गोलू कोष्टा (उम्र 25 वर्ष) है। वह जबलपुर का रहने वाला था। गोलू के रिश्तेदार राहुल कोष्टा ने बताया कि गोलू अपने चार साथियों के साथ कथा सुनने रविवार को ही पहुंचा था। बता दें कि दो दिन में कुबेरेश्वर धाम आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। शनिवार को कानपुर से आए विजेंद्र नाम के शख्स की भी जान चली गई थी। बता दें कि कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से 3 मार्च तक शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। 2 मार्च को रविवार की छुट्टी होने से यहां भीड़ बढ़ गई है।

# सब इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी**। छिंदवाड़ा के परासिया थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर राजिक सिद्धकी (55 साल) की रविवार दोपहर 3 बजे हार्टअटैक से बालाघाट में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वे शनिवार को वीआईपी ड्यूटी पर बालाघाट गए हुए थे। बता दें कि बालाघाट में ही उनका घर भी है, जहां वे रुके थे। रविवार दोपहर तीन बजे सब इंस्पेक्टर राजिक को घर पर चक्कर आ गए, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। अस्पताल ले जाने पर बताया गया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है, जिससे उनकी मौत हो गई। राजिक सिद्धकी पिछले डेढ़ सालों से परासिया थाने में पदस्थ थे। बालाघाट से उनका ट्रांसफर छिंदवाड़ा हुआ था। वहीं उनकी पत्नी रुबीना सिद्धकी को भी एक माह पहले अटैक आया था।

## संपादकीय

# आजादी के बाद पहली बार पाकिस्तानी जहाज मोंगला बंदरगाह पहुंचेगा

मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान के लिए बांग्लादेश के दरवाजे खोल दिए हैं। बांग्लादेश की आजादी के बाद पहली बार ऐसा होगा, जब पाकिस्तान का जहाज देश के रणनीतिक मोंगला बंदरगाह पर पहुंचेगा। पाकिस्तानी झंडे वाला ये मालवाहक जहाज कुछ दिन पहले ही कराची के कासिम बंदरगाह से 25 हजार टन चावल लेकर रवाना हुआ था। इसके अगले एक-दो दिन के भीतर चटगांव बंदरगाह पर लंगर डालने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, वहां 60 प्रतिशत चावल उतारने के बाद यह जहाज मोंगला की ओर बढ़ेगा। मोंगला पोर्ट पर पाकिस्तानी जहाज का पहुंचना इसलिए और अहम है क्योंकि बीते साल ही भारत ने इसके संचालन के अधिकार में बाजी मारी थी। ऐसे में मोहम्मद यूनुस और शहबाज शरीफ की दोस्ती का असर भारत के निवेशों पर साफ दिख रहा है। पिछले महीने की शुरुआत में बांग्लादेश और पाकिस्तान की सरकारों के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके तहत ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के माध्यम से ढाका 50,000 टन बासमती चावल का आयात करेगा। समझौते के अनुसार, चावल की पहली खेप बांग्लादेश पहुंच चुकी है। दूसरी खेप इस महीने के अंत में आने की उम्मीद है। खुलना स्थित नियंत्रक कार्यालय के डेप्युटी कंट्रोलर इंद्रजीत सरकार ने कहा कि 25 मीट्रिक टन चावल में से 40 प्रतिशत मोंगला बंदरगाह पर उतार दिया जाएगा। खुलना जिले के सहायक खाद्य नियंत्रक ने बताया कि बोयरा और महेश्वरपाशा के केंद्रीय खाद्य गोदाम में 47,000 मीट्रिक टन चावल है। उन्होंने कहा कि दोनों गोदामों की क्षमता 1 लाख मीट्रिक टन है। बीते साल जुलाई में भारत ने बांग्लादेश के सबसे बड़े बंदरगाह मोंगला पर एक टर्मिनल का परिचालन अधिकार प्राप्त करके रणनीतिक जीत हासिल की थी। भारत का यह कदम ईरान के चाबहार और म्यांमार में सित्तवे स्थित विदेशी बंदरगाहों के प्रबंधन के लिए भारत की सफल बोलियों के बाद आया था। इसे क्षेत्र में चीन के बढ़ते समुद्री प्रभाव का मुकाबला करने लिए भारत की एक रणनीतक सफलता के रूप में देखा गया था, क्योंकि चीन की भी इस पर नजर थी।

## सैर सपाटा

# होली पर मिल रही 4 छुट्टियों में घूमने का उठाएं लुत्फ, ये जगह रहेंगी बेस्ट

इस साल होली 14 मार्च शुक्रवार को पड़ रही है। ऐसे में 4 दिन का अच्छा लॉन्ग वीकेंड मिल रहा है और इस दौरान आप घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं। रंगोत्सव भारत के हर कोने में मनाया जाता है। ऐसे में इस बार अपने शहर से दूर किसी दूसरी जगह पर होली का मजा लिया जा सकता है। कुछ ऑफिस में 13 मार्च यानी छोटी होली की भी छुट्टी होती है। अगर छुट्टी न हो तो आप इस एक दिन की छुट्टी लेकर 4 दिन का ट्रिप प्लान कर सकते हैं। यहां देखिए होली पर घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन-



### ऋषिकेश

ऋषिकेश योग और ध्यान के लिए काफी है, यहां दुनिया भर के लोग शांति के लिए आते हैं। योग के साथ ही ये जगह अपने साहसिक खेलों और कैम्पिंग के लिए भी काफी फेमस है। अगर आपको बहुत ज्यादा रंगों से खेलना पसंद नहीं है तो आप इस जगह पर जाएं। यहां का 4 दिन का ट्रिप मजेदार होगा।

### बरसाना

अगर होली खेलने के शौकीन हैं तो इस जगह की ट्रिप प्लान कर सकते हैं। यहां पर होली की रस्मों और उत्साह को देखें।'लट्ठमार होली' खेलते समय महिलाएं पुरुषों पर लाठियों से खेल-खेल में प्रहार करती हैं और पुरुष उनका पीछा करते हैं। त्योहार के दौरान ठंडाई, गुझिया और भांग का मजा ले सकते हैं।

### जिम कॉर्बेट

रामगंगा नदी के किनारे फैला हुआ, साल के जंगलों और ऊंचे घास के मैदानों से घिरा जिम कॉर्बेट हिमालय की तलहटी पर स्थित है। वीकेंड ट्रिप के लिए ये अच्छी जगह है। यहां पर आप जंगल सफारी के अलावा कॉर्बेट म्यूजियम, रिवर राफ्टिंग और हाइकिंग का मजा ले सकते हैं।

### गोवा

मार्च को गोवा जाने का अच्छा समय माना जाता है। ऐसे में होली पर मिल रहे लॉन्ग वीकेंड पर यहां की ट्रिप प्लान करें। यहां पर होली सेलिब्रेशन भी काफी खास होता है।

Gujrat

# पीएम मोदी ने गिर नेशनल पार्क में की सफारी, एशियाई शेरों के बीच मनाया 'विश्व वन्यजीव दिवस'

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सासन गिर में 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया. उन्होंने गिर नेशनल पार्क की सफारी की. प्रधानमंत्री बनने के बाद सासन और सफारी का यह पीएम मोदी का पहला कार्यक्रम था.

बता दें कि गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने सासन को विश्व के बड़े पर्यटन स्थलों के रूप में जगह दिलाई थी. सफारी के बाद वह सुबह 10 बजे सासन के सिंह सदन में वन्य जीव बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें कुल 47 सदस्य हैं. इनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, एनजीओ, वन सचिव आदि शामिल हैं. इसके



बाद वह दोपहर 12 बजे सोमनाथ मंदिर पहुंचेंगे. वहां पर दर्शन करने के बाद पीएम मोदी राजकोट से दोपहर 3 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे. दरअसल, एशियाई शेरों के एकमात्र घर सासन गिर के विकास के लिए गुजरात के सीएम रहते हुए पीएम मोदी ने बड़े फैसले लिए थे, जिसकी वजह से आज देश-विदेश से लाखों पर्यटक सासन गिर में शेर देखने आते हैं. वर्तमान में गुजरात के 9 जिलों के 53 तालुकाओं में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में शेरों की आबादी है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सासन गिर में रहने वाले एशियाई शेरों के संरक्षण और गिर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कई प्रयास किए. उन्होंने स्वयं 2007 में गिर वन क्षेत्र का दौरा किया था और वहां की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की थी.

Jharkhand

## झारखंड में पुलिसकर्मी बना कातिल, डायन-बिसाही के शक में बुजुर्ग चाचा को टांगी से काटा



**सगमा (गढ़वा), (एजेंसी)** झारखंड के गढ़वा में डायन-बिसाही के शक में एक पुलिसकर्मी द्वारा कथित तौर अपने बुजुर्ग चाचा की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, झारखंड के गढ़वा में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर एक पुलिसकर्मी ने अपने भाई के साथ मिलकर अपने ही वृद्ध चाचा की कथित तौर पर टांगी से काटकर हत्या कर दी। यह घटना धुरकी थाना क्षेत्र के पुतुर गांव में रविवार को दिन के 3:30 बजे घटी।

वारदात की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक 70 वर्षीय रामधनी बैठा के पोते के बयान के आधार पर आरोपी पुलिसकर्मी राजेश्वर बैठा और उसके भाई संजय बैठा के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस इस गहनता से इस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी राजेश्वर बैठा धनबाद पुलिस बल में कार्यरत है। पिछले माह उसके भाई होमगार्ड जवान मनोज बैठा की मौत हो गई थी। मनोज पतरातू में तैनात था।

Uttarpradesh

## अयोध्या: राम मंदिर के एंट्री गेट पर लाखों जूते-चप्पल का लगा अंबार, नए नियम के कारण वापस लेने नहीं आ रहे लोग

**अयोध्या, (एजेंसी)** अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करने के लिए पिछले डेढ़ महीने से भीड़ उमड़ने के कारण नगर निगम अधिकारियों को एक अनोखी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. क्राउड मैनेजमेंट के कारण यहां कुछ नियम बदले गए हैं. इस वजह से बहुत से श्रद्धालु अपने जमा जूते चप्पलों को लेने नहीं आ रहे. अब इन्हें हटाना प्रशासन के लिए एक चुनौती है. नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, मंदिर के प्रवेश द्वार पर प्रतिदिन लाखों जूते-चप्पल जमा हो रहे हैं, जिन्हें जेसीबी मशीनों से इकट्ठा कर ट्रॉलियों में लादकर 4-5 किलोमीटर दूर एक स्थान पर डंप किया जा रहा है.

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार (गेट नंबर 1), जो कि राम पथ पर स्थित है, वहां भक्तों से उनके जूते-चप्पल जमा करने के लिए कहा जाता है. मंदिर परिसर में लगभग आधा किलोमीटर का चक्कर लगाने के बाद श्रद्धालु उसी गेट पर लौटकर अपने जूते-चप्पल प्राप्त कर सकते हैं. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अयोध्या प्रशासन ने भक्तों को गेट नंबर 3 और अन्य गेटों से बाहर निकलने के निर्देश दिए हैं.

Uttarpradesh

## फूलन देवी से बदला लेने वाली डकैत कुसुमा नाइन, 15 मल्लाहों को लाइन में खड़ा कर मारा था; दो की निकालीं आंखें

**लखनऊ, (एजेंसी)** कभी चंबल में बंदूकों की गरज से आतंक मचाने वालीं कुसुमा नाइन ने शनिवार को चुपचाप ही दुनिया से विदा ले ली। सालों तक खौफ का पर्याय रही कुसुमा नाइन को टीबी हो गया था और इसी के चलते उनकी जान चली गई। दस्यु सुंदरी फूलन देवी से कुसुमा की सीधी अदावत थी और उससे बदला लेने के लिए कुसुमा ने 15 मल्लाहों को लाइन में खड़ा कर गोलियों से भून डाला था। यह कांड औरैया जिले के अस्ता गांव में हुआ था, जिसे उसने लाला राम और श्रीराम के साथ मिलकर अंजाम दिया था। कहा जाता है कि लालाराम के साथ उसके प्रेम संबंध भी थे। लालाराम से बदला लेने के लिए फूलन देवी ने कानपुर देहात के बेहमई गांव



में 22 लोगों को लाइन में खड़ा कर मार डाला था। इसी का बदला लेते हुए लालाराम के साथ मिलकर कुसुमा नाइन ने 15 मल्लाहों का कत्ल कर दिया था।

खेल

## अपने पहले ही मैच में चमके वरुण, स्पिनर्स के खिलाफ संघर्ष करते दिखे कीवी, भारत की रणनीति रही सफल

**दुबई। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी के खिलाफ न्यूजीलैंड का बल्लेबाजी क्रम धराशायी हो गया। भारत ने ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में कीवियों को 44 रनों से हराकर अजेय अभियान जारी रखा। रोहित शर्मा की सेना ने ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का सामना अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से चार मार्च को दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पांच मार्च को न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से लाहौर में होगी।**

भारत इस मुकाबले में चार स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। भारतीय टीम को चार स्पिनर उतारने का फायदा मिला क्योंकि न्यूजीलैंड के नौ विकेट स्पिनरों ने ही झटके, जो चैंपियंस ट्रॉफी में एक पारी में स्पिनरों द्वारा लिए गए सर्वाधिक



विकेट हैं। इससे पहले साल 2004 में पाकिस्तान के स्पिनर्स ने केन्या के खिलाफ आठ विकेट चटकाए थे। भारत की ओर से मोहम्मद शमी एकमात्र गेंदबाज रहे जो खाली हाथ रहे। उन्होंने हालांकि, इस मैच में सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की।

वरुण ने विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी को अपना शिकार बनाया। वहीं, कुलदीप को दो (डेरिल मिचेल और विल ओरोर्के) विकेट मिले जबकि रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट झटके। तेज गेंदबाज हार्दिक पांड्या को एक सफलता मिली जबकि शमी के हाथ खाली रहे।

चैंपियंस ट्रॉफी में अपना तीसरा मैच खेलने उतरी भारतीय टीम आज उम्मीद के अनुरूप खेलती नहीं दिखी। टीम की शुरुआत ही खराब हुई। पिछले दो मैचों में 147 रन बनाने वाले शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कप्तान रोहित शर्मा मात्र 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस दौरान अपने करियर का 300वां वनडे खेल रहे विराट कोहली ने भी निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह मैट हेनरी का शिकार बन गए और 30 रन के स्कोर पर अपना विकेट खो बैठे। ग्लेन फिलिप्स ने अभूतपूर्व कैच पकड़ा। दुबई में खेला गया यह मैच सेमीफाइनल की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 249 रन बनाए, जिसे टीम डिफेंड करने में सफल हुई।

पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों के लिए न्यूजीलैंड के गेंदबाज मुसीबत साबित हुए। कीवियों की तरफ से 25 ओवर गेंदबाजी पेसर्स ने की जिनके खिलाफ भारत ने कुल सात विकेट गंवाए। इस दौरान टीम सिर्फ 115 रन बना सकी। वहीं, स्पिनर्स के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने दो विकेट खोकर 124 रन बनाए। दिलचस्प बात ये है कि पेसर्स के खिलाफ बल्लेबाजों ने 20% तक गलत शॉट का चयन किया जबकि धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ यह 8.4% ही रह गया।

सिनेमा

## Oscar Awards 2025: अनोरा बनी बेस्ट फिल्म, एड्रियन ब्रॉडी-माइकी मैडिसन ने जीता बेस्ट एक्टर अवॉर्ड



97वें अकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर 2025 का शानदार आगाज हुआ. इस बार अकेडमी अवॉर्ड्स को कॉनन ओ'ब्रायन ने होस्ट किया. पहली बार उन्होंने ऑस्कर होस्टिंग की कमान संभाली. इवेंट में हॉलीवुड सितारों का जलवा देखने को मिला. फिल्म अनोरा की धूम रही, इसने 5 अवॉर्ड जीते. बेस्ट एक्टर बने एड्रियन ब्रॉडी और बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड माइकी मैडिसन ने जीता. ऑस्कर अवॉर्ड में अनोरा ने 5 अवॉर्ड अपने नाम किए. इसकी हीरोइन माइकी मैडिसन बेस्ट एक्ट्रेस बनीं. फिल्म ने बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट फिल्म, बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड जीता. इस सक्सेस से फिल्म के डायरेक्टर सीन बेकर की खुशी का ठिकाना नहीं है. ऑस्कर्स 2025 में फिल्म अनोरा ने सबको टफ कॉम्पिटिशन दिया. इसके डायरेक्टर सीन बेकर ने रिकॉर्ड तोड़ा है. वो पहले ऐसे डायरेक्टर बने हैं जिन्होंने एक ही फिल्म के लिए उसी साल में 4 ऑस्कर जीते हैं. उन्होंने बेस्ट पिक्चर, डायरेक्टर, ऑरिजनल स्क्रीनप्ले, एडिटिंग का अवॉर्ड जीता. 'अनुजा' बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटिगरी में अवॉर्ड जीतने से चूक गई. इसे एडम ग्रेव्स ने बनाया है. प्रियंका चोपड़ा, गुनीत मोंगा बतौर को-प्रोड्यूसर मूवी से जुड़ी हैं.

## Highlights

1. Excessive coconut water intake can raise potassium levels
2. Psychologist talks about the impact of procrastination
3. Tharoor backtracks on his praise for Kerala's MSME sector growth
4. PM Modi performs 'rudraabhishek' at Gujarat's Somnath Temple
5. Kerala man shot dead while crossing into Israel from Jordan

# Kerala minister on how working hours can be cut down: 'Utilisation of tech'

**NEW DEIHI, (Agency).** Working hours can be cut down when technology is utilised in the right manner, Kerala minister P Rajeeve said on Sunday, adding that working less will get one more.

"Working less, you will get more, that is the utilisation of technology," news agency PTI quoted P Rajeeve. "We are not touching the existing laws in Kerala," he added.

This comes at a time when the state's ruling Left Democratic Front (LDF) government, in power for nearly nine consecutive years so far, has been putting efforts to showcase Kerala as an investment destination.

The state attracted expressions of interest for investments worth about ₹1.53 lakh crore at the recently concluded Investor Kerala Global Summit (IKGS) in



Kochi.

The government had claimed that procedures have been simplified and there will be no red tape.

P Rajeeve also claimed that the presumption about Kerala not being suitable for industry and also being the land of strikes, militant trade unionism and red tape is not true, stating that "Kerala contributes 24 per cent of the turnover of the medical devices industry in the country."

He added that the state's motto for its industrial policy is "nature, people and industry."

The minister's comments on reducing working hours comes at a time when industry leaders such as Infosys co-founder NR Narayana Murthy had pitched for a 70-hour work week, while Larsen and Toubro Chairman SN Subrahmanyan called for a 90-hour work week.

# Ritesh Agarwal reveals he still cleans washrooms in his hotels: 'Role-modelling'

**NEW DEIHI, (Agency).** OYO CEO Ritesh Agarwal revealed during a conversation at the Mumbai Tech Week that he still cleans washrooms at his hotels. "I still, sometimes, clean washrooms as a role modelling exercise," he said on Saturday, March 1, Moneycontrol reported.

He went on to add that according to him, fear, embarrassment, pride and arrogance are the "biggest enemies of entrepreneurial success" and thus entrepreneurs must leave them.

Agarwal said it is very hard



for people to accept these things because upbringing does not teach us that.

"You have to leave 'sharam' (embarrassment) and 'ye kaam mera hai ye kaam dusre ka hai' (this is my work and that is yours)...Are you looking to pride seeking or are you looking to be wealth seeking? I am very clear that I want to create a big impact," the billionaire further added.

He was responding to a question on what would be his advice to budding entrepreneurs on fear of failure.

Ritesh recalls funny incident linked to washrooms

Agarwal had once recalled that a couple of people had once pitched their startup ideas to him when he was waiting in line to use a washroom on an international flight. He said that he began talking to the first person "out of respect" and was stopped from using the washroom by the second person.

"I finally requested them that I want to use the washroom as it is urgent," he humorously remarked during an interaction that went viral on social media.

# भ्रामक विज्ञापन से युवती को ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एक जिम सेंटर द्वारा सोशल मीडिया, विज्ञापनों और पोस्टर्स के जरिए देशभर में अपनी कई ब्रांच होने का दावा किया गया, जिससे गुमराह होकर एक युवती ने जबलपुर ब्रांच में जिम ज्वाइन कर लिया। बाद में जब वह इंदौर ब्रांच में रेफर हुई, तो उसे एंट्री नहीं दी गई। इस मामले में जिला उपभोक्ता फोरम ने जिम सेंटर पर 12 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। फरियादी युवती अब जिम को 'अनफिट' कराने के लिए स्टेट कमीशन में अपील करेगी।



मामला इंदौर की आशा पति दिलीप ओव्हाल (26), निवासी आलोक नगर से जुड़ा है। वह एक कंपनी में एमआर है और नौकरी के सिलसिले में अलग-अलग शहरों में जाना पड़ता है। डॉक्टर की सलाह पर उन्होंने नियमित जिम जाने का फैसला किया। 12 फरवरी 2020 को जबलपुर में उन्होंने 'स्मार्ट जिम' सेंटर का बोर्ड देखा, जिस पर इंदौर, पुणे, मुंबई, सागर, नरसिंहपुर, रीवा समेत कई शहरों में ब्रांच होने का दावा किया गया था। संदेह दूर करने के लिए आशा ने जिम की वेबसाइट भी देखी, जहां भी इन्हीं ब्रांचों की जानकारी दी गई थी। जब उन्होंने जिम स्टाफ से पूछा कि क्या वे दूसरी ब्रांच में भी एक्सेस पा सकेंगी, तो स्टाफ नेहा ने इसकी पुष्टि की और उन्हें इंदौर ब्रांच का पता भी दिया। आशा को विश्वास हुआ और उन्होंने 1999 रुपए फीस जमा कर 40 दिनों के लिए मेंबरशिप ली। उन्हें रसीद के साथ इंदौर ब्रांच का पता और मोबाइल नंबर भी दिया गया। 18 फरवरी 2020 को आशा इंदौर ब्रांच पहुंचीं, तो उन्हें जिम में प्रवेश नहीं दिया गया। उन्हें जबलपुर ब्रांच से संपर्क करने को कहा गया। जब आशा ने दिए गए नंबर पर कॉल किया, तो उन्हें इंदौर की दूसरी ब्रांच (नेहरू नगर) जाने को कहा गया, लेकिन वहां भी एंट्री नहीं मिली।बार-बार संपर्क करने पर जिम सेंटर ने अलग-अलग दस्तावेज (आधार कार्ड, फोटो, आईडी प्रूफ) मांगे, लेकिन फिर भी सुविधा नहीं दी। कुछ दिनों बाद जिम सेंटर के नंबर ने कॉल रिसीव करना भी बंद कर दिया।भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापारिक व्यवहार का आरोप लगाते हुए आशा ने 20 फरवरी 2020 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि जिम सेंटर लगातार अपनी वेबसाइट अपडेट कर फर्जी ब्रांच दिखा रहा था। फेसबुक, पोस्टर्स, होर्डिंग्स पर भी गलत जानकारी दी जा रही थी।जब पुलिस से भी मदद नहीं मिली, तो आशा ने 27 फरवरी 2020 को उपभोक्ता फोरम (इंदौर) में परिवाद दायर किया। उन्होंने जिम सेंटर से 15 लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना के लिए, 1999 रुपये फीस वापसी, 1 लाख रुपये वकील और केस खर्च, भ्रामक विज्ञापन बंद करने का आदेश देने की मांग की। चार साल की सुनवाई के बाद 20 फरवरी 2024 को उपभोक्ता फोरम ने आशा के पक्ष में फैसला सुनाया। फोरम ने आदेश दिया कि जिम सेंटर—1999 रुपये फीस लौटाए और 6% वार्षिक ब्याज अदा करे।मानसिक परेशानी के लिए 5000 रुपये और केस खर्च के लिए 5000 रुपये अतिरिक्त अदा करे।

# तालाब में नहाने गया बच्चे की डूबने से मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। धार रोड़ स्थित सिदौडा ग्राम में तालाब में नहाने गया 10 साल के मासूम की डूबने से रविवार को मौत हो गई। दोस्त उसे देखकर घर गया और परिजनों को बात बताई। परिजन पहुंचे तब बच्चा डूब चुका था।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

चदंन नगर पुलिस ने बताया अर्जुन भामर (10) दोस्त के साथ खेलते हुए पास ही बने तालाब में नहाने लगा। वह गहराई में चला गया और उसमें डूबने लगा। डूबता देख दोस्त कुछ ही दूरी पर घर पहुंचा और परिजनों को इसकी जानकारी दी लेकिन जब तक परिजन पहुंचे वह डूब चुका था। बाद में उसे निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसके मृत हो जाने की जानकारी दी। मृतक अर्जुन तीसरी कक्षा में पढ़ता था। पिता किसानी करते है। परिवार मूल रूप से धार का रहने वाला है। उसका एक भाई और बहन भी है।

# हज यात्रा के नाम पर 7 लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के खजराना क्षेत्र में हज यात्रा के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग और उनके परिवार से 7 लाख रुपए लेने के बाद ट्रेवल्स संचालक फरार हो गया। आरोपी ने करेंसी चेंज कराने के नाम पर भी 70 हजार रुपए लिए और यात्रा के दिन लापता हो गया। जब पीड़ित परिवार उसके घर पहुंचा तो वह वहां नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। खजराना पुलिस के अनुसार, सुफियान शेख (निवासी तंजीम नगर) की शिकायत पर तनवीर पुत्र अब्दुल रहमान (निवासी स्नेहलतागंज) के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। आरोपी एमजी रोड स्थित अल हीरा टूर एंड ट्रेवल्स का संचालक है। सुफियान ने बताया कि उनके नाना बरजान अली रमजान के दौरान उमराह जाने के लिए तनवीर के संपर्क में आए। आरोपी ने प्रति व्यक्ति यात्रा खर्च 1 लाख रुपए बताया। इसके बाद परिवार के सात लोगों की यात्रा के लिए 7 लाख रुपए और पासपोर्ट आरोपी को सौंप दिए गए। तीन दिन पहले तनवीर फिर घर आया और बुजुर्ग से कहा कि अरब में खर्च के लिए करेंसी बदलवानी होगी। उसने इस बहाने 70 हजार रुपए और ले लिए और जल्द बदली हुई करेंसी देने का वादा किया। शुक्रवार को जब उमराह यात्रा की तैयारी के दौरान तनवीर से संपर्क किया गया तो उसका फोन बंद मिला। काफी कोशिशों के बाद एक नए नंबर से कॉल आया, जिसमें तनवीर ने अपने घर से पासपोर्ट ले जाने के लिए कहा। जब परिवार उसके घर पहुंचा, तो वहां उसका बेटा सैयद मिला, जिसने कुछ देर में टिकट देने की बात कही और वहां से चला गया। जब काफी देर इंतजार के बाद भी कोई सूचना नहीं मिली, तो परिवार ने फिर से तनवीर के घर पर जाकर जानकारी ली।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक